एन एम डी सी स्टील

NMDC STEEL

**PRESS RELEASE** **06/2024**

# पहले वर्ष में नागरनार स्टील प्लांट ने हॉट मेटल उत्पादन में 50% निर्धारित क्षमता (रेटेड कैपेसिटी) को पार किया

**नगरनार। 14 अगस्त 2024**: नागरनार में देश के सबसे युवा ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील प्लांट ने अपने संचालन के पहले वर्ष में 1.62 मिलियन टन हॉट मेटल का प्रभावशाली उत्पादन किया है। इसका मतलब है कि यह निर्धारित क्षमता (रेटेड कैपेसिटी) के आधे से अधिक के आंकड़े को पार कर गया है, क्योंकि नागरनार स्टील प्लांट की वार्षिक निर्धारित क्षमता 3 मिलियन टन हॉट मेटल है।

नागरनार स्टील प्लांट का ब्लास्ट फर्नेस छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा है और देश के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस में से एक है। नागरनार स्टील प्लांट की ब्लास्ट फर्नेस में 4506 मीटर क्यूब की उपयोगी मात्रा है, जो प्रतिदिन 9500 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर सकती है।

श्री के प्रवीण कुमार, कार्यकारी निदेशक और प्रमुख, नागरनार स्टील प्लांट और वरिष्ठ अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर आयोजित पूजा में भाग लिया। ज्ञात हो के पिछले साल एनएम्डीसी के कार्यवाहक सीएमडी, श्री अमिताव मुखर्जी द्वारा नागरनार स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस को प्रज्वलित किया गया था और स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हॉट मेटल की पहली खेप प्रवाहित की गई थी।

बस्तर में 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से स्थापित नगरनार स्टील प्लांट एक उत्प्रेरक के रूप में उभरा है, जिससे यह क्षेत्र एक औद्योगिक केंद्र के रूप में बदल रहा है।

**PRESS RELEASE** **06/2024**

टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री के प्रवीण कुमार ने जल्द से जल्द लाभदायक बनने के लिए उत्पादन लागत को नियंत्रित करने का आह्वान किया। टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि, "एक नए एकीकृत स्टील प्लांट में आने वाली समस्याओं के बावजूद, हमारी टीम ने कठिनाइयों को पार करते हुए और अपने अस्तित्व के पहले वर्ष में ही निर्धारित क्षमता के आधे रास्ते को पार करने के लिए हर चुनौती का सामना कर अपनी योग्यता साबित की है। यह नगरनार स्टील प्लांट के आनेवाले दिनों के उपलब्धियों का संकेत है।"

**मीडिया संपर्क:**


**रफीक़ अाहमद जिनाबड़े,**

महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख,

नगरनार स्टील प्लांट, नगरनार - ४९४००१

दूरभाष: 8500489623 ई- मेल: rafiqueahmed@nmdc.co.in